राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज० जयपुर

राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनिकी) व (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग
जी-3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी-स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक प.1(ग)(4)आ.भ./सहा.प्रो./सू.सहा./डी एल बी/13/ 1104 दिनांक 29/11/2017

विज्ञप्ति

राजस्थान नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम, 1963 के अन्तर्गत सहायक प्रोग्रामर के 208 पद एवं सूचना सहायक के 101 पदों के लिये सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक प्रतियोगी परीक्षा 2013 हेतु दिनांक 26.09.2013 से दिनांक 18.10.2013 तक विभाग की वेबसाईट www.rajdlsg.org और www.rajdlsg.net पर ऑन-लाईन आवेदन-पत्र आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 24.09.2013 द्वारा आमंत्रित किये गये थे।

उपरोक्त विज्ञापित पदों को प्रशासनिक कारणों से आयोग के आदेश क्रमांक 181-183 दिनांक 29.12.2015 द्वारा प्रत्याहारित किये जाने के कारण आयोग/विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने उपरोक्त पदों हेतु ऑन-लाईन आवेदन-पत्र जमा करवाये थे उन्हे जमा करवायी गयी परीक्षा शुल्क राशि वापस लौटाई जावे।

सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक के पदों हेतु आवेदन करने वाले आवेदको को सूचित किया जाता है कि परीक्षा शुल्क लौटाने हेतु विभागीय E-Mail ID secretarycommissiondlb@gmail.com पर निम्न सूचनाओं के साथ दिनांक 18.12.2017 को सांय 6.00 बजे तक आवेदन करे ताकि परीक्षा शुल्क लौटाने की कार्यवाही की जा सके :-

1. सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक के पदों पर सीधी भर्ती के लिये भरे गये ऑन-लाईन आवेदन पत्र की प्रति।
2. ई-मित्र एवं जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से जमा करायी गयी शुल्क राशि की मूल रसीद की प्रति।
3. आवेदक का बैंक खाता संबंधी विवरण जिसमें बैंक का नाम व शाखा का नाम, बैंक खाता संख्या, आई.एफ.एस.सी.कोड तथा मोबाईल नम्बर, पैन कार्ड नम्बर, व आधार कार्ड की प्रति।

डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये गये आवेदनों एवं निर्धारित तिथि दिनांक 18.12.2017 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

सचिव
राजस्थान नगर पालिका
(अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग